(81)

# कार्यालय नगर पालिका परिषद, बाँदा।

पत्रांक 1170/निर्माण वि0/न0पा0परि0 बांदा/2024–25 दिनांक 10-10-2024

## "ई–निविदा सूचना"

निर्माण कार्य करने वाले समस्त ठेकेदारों को सूचित किया जाता हैं, कि वित्तीय वर्ष 2023–24 में स्वीकृत वंदन योजना के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से निर्माण कार्य कराये जाने हेतु ई–प्रिक्योर्मेण्ट निविदा का प्रकाशन किया जा रहा है, जो दिंनाक 15.10.2024 से 05.11.2024 पूर्वान्ह 10.00 बजे तक अपलोड की जा सकती हैं। उक्त निविदायें दिंनाक 05.11.2024 को अपरान्ह 12.00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में उपस्थित निविदादाताओं/ठेकेदारों के समक्ष ऑनलाइन खोली जायेगी। निविदाओ से सम्बन्धित नियम व शर्ते कार्यालय दिवस में निर्माण विभाग में देखी जा सकती हैं तथा वेबसाइट http://etender.up.nic.in एवं नगर पालिका परिषद,बांदा की वेबसाइट nppbanda.inपर भी उपलब्ध हैं।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, बांदा

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद, बांदा

पृ0सं0 / तद्दिंनाक

प्रतिलिपि :–

1. प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय, बांदा को सादर सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
2. जिला सूचना विज्ञान अधिकारी बांदा को उक्त सूचना की एक साफ्ट कापी इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्त निविदा सूचना की एन0आई0सी0 की वेबसाइट पर अपलोड कराने का कष्ट करें।
3. सम्पादक दैनिक अमर उजाला कानपुर इस आशय से प्रेषित की उक्त निविदा सूचना का प्रकाशन आगामी अंक में कम से कम स्थान पर प्रकाशित कर बिल दो प्रतियों भुगतान हेतु कार्यालय को उपलब्ध करनें का कृष्ट करें।
4. सम्पादक दैनिक बुन्देलखण्ड समाचार इस आशय से प्रेषित की उक्त निविदा सूचना का प्रकाशन आगामी अंक में कम से कम स्थान पर प्रकाशित कर बिल दो प्रतियों भुगतान हेतु कार्यालय को उपलब्ध करनें का कष्ट करें।
5. कम्प्यूटर आपरेटर नगर पालिका बांदा को इस आशय के साथ कि नगर पालिका परिषद, बांदा की वेबसाइट में उक्त सूचना अपलोड कराने हेतु।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, बांदा

Scanned with OKEN Scanner

# कायालय नगर पालिका परिषद, बादा

पत्रांक 1170 /निर्माण वि0/न0पा0परि0बांदा/2024–25 दिंनाक 10-10- ,2024

## ई–निविदा सूचना

निर्माण कार्य करने वाले "ए" व "बी" श्रेणी के ठेकेदारों को सूचित किया जाता हैं, कि वित्तीय वर्ष 2023–24 में स्वीकृत वंदन योजना के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से ई–प्रिक्योर्मेण्ट निविदा आमंत्रित की जा रही हैं। तकनीकी निविदा खुलने पर प्रतिभाग करने वाले निविदादाताओं के अभिलेखो की जांच के उपरान्त न्यूनतम दर की निविदादाता को उस कार्य की श्रेणी के अनुरुप आवश्यक औपचारिकतायें पूर्ण करते हुए सन्दर्भित श्रेणी में पालिका में पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा, अन्यथा की दशा में निविदा निरस्त कर दी जायेगी। कार्य का विवरण निम्नवत हैं।

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कार्य की निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि | | 15.10.2024 से 05.11.2024 पूर्वान्ह 10:00 बजे तक | | | | |
| कार्य की निविदा खोलने की तिथि | | 05.11.2024 अपरान्ह 12:00 बजे | | | | |
| निविदा शुल्क जमा किये जाने हेतु एकाउन्ट नम्बर | | A/C 38703633648 | | IFSC CODE (SBIN0016807) | | |
| क्र0 | कार्य का नाम | आगणन धनराशि (लाख में) | बिड सिक्योरिटी (इ0एम0डी0) (लाख में) | निविदा मूल्य + GST सहित | कार्य पूर्ण करने की अवधि | |
| 1 | नगर पालिका परिषद,बांदा में अवस्थित श्री लक्ष्मी नारायण मन्दिर में अवस्थापना सुविधाओं का कार्य। | 9344312.00 | 934431.00 | 3000+540 | 6 माह | |

निविदा की शर्ते :–

1 सशर्त निविदायें मान्य नहीं होगी और स्वतः निरस्त समझी जायेगी।

2 किसी भी निविदा को अस्वीकृत करने का अधिकार पालिका के सक्षम अधिकारी को निहित होगा।

3 निविदा आमंत्रणकर्ता को आई0टी0बी0 के क्लाज 9 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्वि पत्र जारी करने का अधिकार हैं। जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नही किया जायेगा। सभी सम्भावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती हैं, कि वह नियमित रूप से ई–निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें।

4 निविदादाता द्वारा निविदा की जमानत धनराशि एफ0डी0आर0 के रूप में कार्यालय में जमा की जायेगी। निविदा शुल्क की धनराशि पालिका एकाउन्ट में जमाकर जमा रसीद, चरित्र प्रमाण पत्र, हैसियत प्रमाण पत्र, जनरल स्टाम्प रू0 100/– में स्वघोषणा प्रमाण पत्र नोटरी प्रमाणित, जी0एस0टी0 प्रमाण पत्र एंव तीन वर्ष का आई0टी0आर0 प्रमाण पत्र की प्रमाणित प्रति निविदा के साथ अपलोड करना एवं टेण्डर खुलने के पूर्व एफ0डी0आर0 व स्टाम्प पेपर की मूल प्रति कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा।

5 उक्त निविदा में "ए" एवं "बी" श्रेणी के ठेकेदार द्वारा ही प्रतिभाग किया जा सकता हैं। निविदा में प्रतिभाग करते समय "ए" श्रेणी हेतु 50लाख की हैसियत एंव "बी" श्रेणी हेतु 40लाख की हैसियत प्रमाण पत्र एंव श्रेणी प्रमाण पत्र तथा निविदा धनराशि का 50 प्रतिशत भवन निर्माण कार्य का अनुभव प्रमाण पत्र की प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य हैं।

6 उक्त निविदा हेतु प्रतिभाग करने वाले ठेकेदार को बिल्डिंग निर्माण कार्य का अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।

7 श्रमकर एंव अन्य करों की कटौती ठेकेदार के बिल से नियमानुसार की जायेगी।

8 ठेकेदार को प्रत्येक कार्य की मटेरियल टैस्टिंग कराना अनिवार्य होगा, जिस पर होने वाला व्यय ठेकेदार द्वारा स्वंय वहन किया जायेगा।

9 निविदा के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार का विवाद उत्पन्न होने पर न्यायिक क्षेत्राधिकार बांदा होगा।

10 शासनादेश सं0 14/2024/692/23.07.2024 लोक निर्माण अनुभाग–7 लखनऊ, दिंनाक 09.08.2024 के द्वारा दिये गये निर्देशो के अनुसार जिन कार्यो हेतु प्राप्त निविदा की लागत कार्य हेतु अनुमानित लागत से 10प्रतिशत से अधिक प्राप्त हुई हो तो उस दशा में प्रथम 10प्रतिशत तक के लिये परफार्मेस सिक्योरिटी शून्य ही रहेगी। परन्तु उसके पश्चात प्रत्येक 01प्रतिशत नीचे दर हेतु 01प्रतिशत अतिरिक्त परफार्मेस सिक्योरिटी जमा करनी होगी।

11 निविदा प्रक्रिया के उपरान्त ठेकेदार को एक सप्ताह के अन्दर सम्बन्धित कार्य का अनुबन्ध कराना अनिवार्य होगा। अनुबन्ध के पश्चात एक सप्ताह के अन्दर ठेकेदार को स्थल में शिलान्यास कराकर कार्य स्थल पर तत्काल प्रारम्भ करना होगा।

12 कार्यादेश प्राप्ति के एक सप्ताह के अन्दर स्थल पर कार्य प्रारम्भ नहीं किये जाने पर ठेकेदार की जमानत धनराशि नियमानुसार जब्त करने की कार्यवाही की जायेगी।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, बांदा

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद, बांदा

पृ0सं0 / तद्दिनांक

प्रतिलिपि :–

1 प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय, बांदा को सादर सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

2 एन0आई0सी0 बांदा को उक्त सूचना की एक साफ्ट कापी इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्त निविदा सूचना की एन0आई0सी0 की वेबसाइट पर अपलोड कराने का कष्ट करें।

3 कार्यालय नोटिस बोर्ड में चस्पा हेतु।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, बांदा

Scanned with OKEN Scanner